**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 12.07.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण के लिये 03 दिन से चलाया जा रहा विशेष अभियान। सफाई कर्मचारी के साथ लगे रहे सभी नोडल अधिकारी।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा काकर कुंड में शहीदो की स्मृति में बन रहे जैव विविधता पार्क में लगाये गये पौधो का निरीक्षण किया गया।**

- नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण के लिये 03 दिन से चलाया जा रहा विशेष अभियान। इस अभियान को नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो के उपयोग से प्रभावी ढ़ग से चलाया जा रहा है। आज दिनांक 12.07.2020 को नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र में भ्रमण कर अभियान कार्य का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। अभियान के अन्तर्गत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई करायी जा रही है। जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है। नगर को साफ–सुथरा रखे जाने हेतु प्रतिदिन की कार्ययोजना भी तैयार की गयी है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें। कार्ययोजना के अन्तर्गत प्रतिदिन प्रत्येक जोन के 01 वार्ड मे विशिष्ट सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 12.07.2020 को बाडूजई पेशावरी,बृज बिहार कालोनी, युनूसखेल, अजीजगंज, सरायकाईया, में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज मो0 बाडूजई पेशावरी में विशेष अभियान के अन्तर्गत कराये जा रहे साफ–सफाई ,सेनेटाइजेशन,दवा छिड़काव,शुद्ध पेयजल की व्यवस्था,प्रकाश की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियो के कार्य की सराहना की तथा नियमित रूप से निष्ठापूर्वक अपने कार्यो को करने हेतु निर्देशित किया गया है। सफाई कर्मचारियो को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहते हुये नियमित रूप हाथ धोने, मास्क लगाने एवं 02 गज की दूरी बनाये रखने के भी निर्देश दिये। नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है।

कमश.................(2)

Scanned with CamScanner

नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य बीबीजई,झंडा कलां, कटिया टोला, मानूजई, अहमदपुर रेती, दिलाजाक, रामनगर, बृज बिहार कालोनी, मक्कू बजरिया, अजीजगंज, युनूसखेल, बाडूजई पेशावरी, सरायकाईयॉ, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। 03 दिन में 480 ट्राली कूड़ा–कचरा शहर से निकाल कर निस्तारण स्थल पर डाला गया।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा जैव विविधता पार्क का निरीक्षण किया गया। ककरा काकर कुंड गर्रा नदी के किनारे 10 हेक्टयर क्षेत्रफल पर नगर निगम द्वारा शहीदो की स्मृति में जैव विविधता पार्क में गत सप्ताह लगाये गये 11 हजार पौधो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पौधो में उर्वर,खाद्य एवं पानी की व्यवस्था देखी। सभी पौधे सुरक्षित पाये गये। जैव विधिता पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय ने मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराये जाने निर्देश दिया गया। प्रभारी अधिकी उद्यान/सहायक अभियन्ता(जल) को पौधो की सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।
12/7/2020

Scanned with CamScanner